# बाल मित्र योजना : छात्र छात्राओं ने किया थाना भ्रमण

**किसी को कोई परेशान करे तो डायल करें 112 – थाना प्रभारी राजेश शर्मा**

**नवभारत न्यूज**
**दबोह, 21 सितंबर।** नगर दबोह में रविवार को बाल मित्र योजना के अंतर्गत सरस्वती कोचिंग सेंटर (आर्ट) के कक्षा 11 और 12 वीं के विद्यार्थी थाना दबोह पहुंचे, जहां थाना प्रभारी राजेश शर्मा ने उन्हें पुलिसिंग व्यवस्था, कानूनी प्रक्रियाओं और आधुनिक सुविधाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर कोचिंग सेंटर के संचालक राजा खान सर, मोहन नायक सर और पत्रकार बुद्धप्रकाश बौद्ध भी उपस्थित रहे।–

आपात स्थिति में 112 डायल करें–थाना प्रभारी शर्मा ने छात्रों को समझाया कि किसी भी आपात स्थिति में अब 112 नंबर डायल करना होता है। यह सेवा पहले 100 नंबर पर उपलब्ध थी। यदि किसी प्रकार का विवाद, झगड़ा या छेड़छाड़ हो, तो 112 पर कॉल करते ही पुलिस तत्काल मदद के लिए पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि हाईटेक 112 वाहन अब कैमरा, स्ट्रेचर जैसी सुविधाओं से लैस होकर सभी थानों में उपलब्ध हैं। एफआईआर और अपराध प्रक्रिया की जानकारी–छात्रों को एफआईआर कक्ष में ले जाकर बताया गया कि प्राथमिकी कैसे लिखी जाती है और अपराध की धाराएं कैसे लगाई जाती हैं। साथ ही लॉकअप कक्ष का अवलोकन कराया गया और स्पष्ट किया गया कि किसी भी आरोपी को अधिकतम 24 घंटे के भीतर कोर्ट में पेश करना अनिवार्य होता है। कक्षा 12वीं की छात्रा शिवानी पाल पुत्री स्वदेश पाल सिंगौसा ने सवाल किया कि अदम चेक क्या होता है इस पर थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि यह एक असंज्ञेय अपराध से जुड़ा मामला है। इसके साथ ही धर्मेंद्र पाल जाखौली, अभिषेक रजक सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत की। इस मौके पर कोचिंग की एक पूर्व छात्रा रोहिता धाकड़ पड़री द्वारा बनाया गया टीआई राजेश शर्मा का हुबहू चित्र बनाकर उन्हें भेंट किया गया। तो थाना प्रभारी ने उस छात्रा के चित्र कला की खूब सराहना की ।



**साइबर सुरक्षा** –फेसबुक पर अनजान लोगों दोस्ती ना करें
थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी। फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि का कम से कम प्रयोग करने की बात कही गई। उन्होंने बताया कि यदि फेसबुक पर किसी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट आती है, तो उसे एक्सेप्ट ना करें। क्योंकि हमारे साथ फ्रॉड हो सकता है। और बताया कि यदि किसी का मोबाइल फोन गुम हो जाए तो थाने में आवेदन देकर मोबाइल का ओरिजिनल बिल और नंबर उपलब्ध कराना होता है। इसके बाद पुलिस संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज करती है।
**थाने का भ्रमण**– विद्यार्थियों ने इस दौरान शस्त्रागार, बंदी गृह, रिकॉर्ड रूम, महिला एवं चाइल्ड हेल्थ डेस्क और पुलिस बाल मित्र कक्ष का अवलोकन किया। थाना प्रभारी ने बताया कि बंदी गृह की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से सीधे उनके कक्ष से की जाती है।

## वृंदावन धाम में आयोजित कथा में पहुंचे मुख्यमंत्री

**शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन**

**11 लाख साध्वी सरस्वती फाउंडेशन ने और 11 लाख मुख्यमंत्री ने सैनिक कल्याण कोष के लिए दिया चैक**



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 21सितम्बर।** केशव धाम वृंदावन की पावन भूमि पर पूज्य साध्वी सरस्वती दीदी के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया गया आज श्रीमद् भागवत कथा का अंतिम दिवस था यह श्रीमद् भागवत कथा मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग राकेश शुक्ला द्वारा कराई जा रही है जो ऑपरेशन सिंदूर में शहीद होने वाले सैनिकों की और पुलवामा में आतंकी हमले में मारे गए हमारे देश के परिवार के सदस्यों को समर्पित थी। आज कथा के अंतिम दिवस पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने श्रीमद् भागवत कथा में सम्मिलित होने वृन्दावन धाम पहुंचकर कथा का श्रवण किया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ऑपरेशन सिंदूर और पुलवामा हमले में शहीदों को श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया साध्वी सरस्वती फाउंडेशन ने 11 लाख रूपये का चैक सैनिक कल्याण कोष के लिए दिया मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी 11लाख रूपये मिलाकर 22लाख रुपये सैनिक कल्याण कोष के लिए देने की घोषणा की।

### करोड़ों रुपए की हेराफेरी कर शराब ठेकेदार गायब

**भिण्ड।** लहार के पूर्व आबकारी ठेकेदार पर करोड़ों रुपए की हेराफेरी कर गायब होने के आरोप लगे हैं। बताया गया कि अमित शर्मा निवासी मेहरा से दस लाख रुपए लिए, लेकिन वापस नहीं किए। फरियादी ने लहार थाने में आवेदन दिया है। जिसमें प्रार्थी ने कहा कि भिण्ड भाण्डेर रोड पर महते पेंट हाउस के नाम से दुकान स्थित है। विनय कुमार शर्मा पुत्र राजनारायण शर्मा जाति निवासी वार्ड नं. 8 गल्ला मण्डी के पास उरई रोड मिहोना जिला भिण्ड म.प्र. लहार में देशी शराब के ठेकेदार हैं। इनकी देशी शराब की दुकान भिण्ड–भाण्डेर रोड पर स्थित है। विनय कुमार से पूर्व से परिचय होने से उनसे रुपयों का लेनदेन हो जाता था। इसी क्रम 25 जुलाई 2024 को विनय कुमार ने दस लाख रुपये उधार मांगे, तो मेरे द्वारा दे दिए गए। बताया गया कि बाद में विनय कुमार ने रुपए नहीं लौटाए। इसी तरह उन्होंने मनीष उर्फ पिंकू शुक्ला, अमित शर्मा निवासी काथा, विकास बिरथरे, उमाशंकर गुबरेले व सुभाष शिवहरे से करोड़ों रुपए की ठगी कर ली है।

## महाविद्यालय में हुआ बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,21सितम्बर।** शासकीय महाविद्यालय लहार में मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय बैडमिंटन महिला–पुरुष वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें लहार की छात्राओं ने विजेता एवं छात्रों ने उपविजेता के खिताब पर अपना कब्जा जमाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अखिलेश शर्मा एवं शिव सिंह यादव थाना प्रभारी लहार उपस्थित रहे। कुमारी पल्लवी पाराशर आईटीआई महाविद्यालय लहार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंगद सिंह दोहरे द्वारा की गई। प्रतियोगिता के कोऑर्डिनेटर एवं संगठन सचिव डॉ. मैथिली शरण त्रिपाठी (स्पोर्ट्स ऑफिसर) शासकीय महाविद्यालय लहार थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि अखिलेश शर्मा विधायक प्रतिनिधि लहार, शिव सिंह यादव थाना प्रभारी लहार, डॉ. अंगद सिंह दोहरे प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय लहार, कु. पल्लवी पाराशर आईटीआई महाविद्यालय लहार द्वारा सभी खिलाड़ियों का परिचय लेकर शुरुआत की गई। लहार महिला टीम से प्रियंका राजावत, रागिनी परिहार, नगीना शाक्य, सोनली शाक्य, मिनी व पुरुष वर्ग से अनुज सेंगर, सनी, रवि कुशवाह, अनुराग, शशांक भदोरिया एवं टेक्निकल कमेटी डॉ. संजय कुमार घई, डॉ. मैथिली शरण त्रिपाठी, डॉ. शैलेंद्र सिंह राठौड़ चिकित्सा अधिकारी लहार, चिकित्सा व्यवस्था के लिए उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. शिवांशु भदोरिया द्वारा किया गया।

## मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन नवसाक्षर परीक्षा आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,21सितम्बर ।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल एवं कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव के निर्देशानुसार और जिला परियोजना समन्वयक एवं संयुक्त कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल व जिला सह समन्वयक विवेक शर्मा (साक्षरता) के मार्गदर्शन में विकासखंड लहार के अंतर्गत नवसाक्षर संख्यात्मकता मूल्यांकन नवसाक्षर परीक्षा का आयोजन निर्धारित 195 सामाजिक चेतना केन्द्रों पर किया गया। जिसमें जिले से प्राप्त लक्ष्य 6125 के विरुद्ध 4980 नवसाक्षरो ने परीक्षा में भाग लिया। जिसमे 1145 असाक्षर अनुपस्थित रहे। कुल नवसाक्षर उपस्थिति 81.30 फीसदी रही। विकासखंड लहार के अंतर्गत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा का अवलोकन खण्ड श्रोत समन्वयक लहार अजय कुमार झा, ब्लॉक सह समन्वयक जानकी नंदन समाधिया, बीएसी उमाशंकर त्रिपाठी और निर्धारित निरीक्षण दल बीएसी के द्वारा किया गया। बीआरसी लहार अजय झा और ब्लॉक सह समन्वयक जानकी समाधिया द्वारा शा.मा. विद्यालय क्रमांक 3, शासकीय मा.वि.पी.एम. शा.मा.विद्यालय क्रमांक 2 लहार, शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय लहार सहित अन्य सामाजिक चेतना केंद्रों का अबलोकन किया। जिसमे नवसाक्षर महिला–पुरुषों की उपस्थिति में नवसाक्षर परीक्षा संचालित पाई गई। बीआरसी अजय कुमार झा और ब्लॉक सह समन्वयक लहार जानकी नंदन समाधिया द्वारा संयुक्त रूप से जानकारी दी।

## आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 21 सितम्बर।** थाना दबोह में रविवार को आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राजेश शर्मा ने की। थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 22 सितंबर से शारदीय नवरात्र का शुभारंभ हो रहा है। ऐसे अवसर पर सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ त्यौहार मनाएं तथा क्षेत्र की शांति व्यवस्था बनाए रखें। उन्होंने कहा कि संविधान हमें आपसी मेलजोल और सौहार्द्र के साथ रहने का संदेश देता है, इसलिए हर नागरिक को इसमें अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

बैठक में नगर के व्यापारी, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, पत्रकार बंधु और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में आश्वासन दिया कि वे सामाजिक सौहार्द्र और शांति बनाए रखने में सहयोग करेंगे।

### 8 साल से गायब महिला को किया गया दस्तयाब

अशोकनगर। 8 साल पहले बिना बताये घर से गई महिला को बहादुरपुर पुलिस ने किया दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। दरअसल पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले क समस्त पुलिस अधिकारियों को गुम बालक, बालिकाओं एवं महिलाओं की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके पालन में अशोकनगर पुलिस द्वारा गुम बालक, बालिकाओं एवं महिलाओं का सायबर सेल एवं मुखबिर तंत्र से पता कर दस्तयाब किया जाकर परिवार के सुपुर्द किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को थाना बहादुरपुर को 8 वर्ष पूर्व गुमशुदा महिला को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि 17 अक्टूबर 2017 को कल्ला आदिवासी नें अपनी पत्नी के घर से बिना बताये कहीं चले जाने की थाना पर रिपोर्ट की थी। सूचना पर से गुम इंसान क्रमांक 24/17 पंजीबद्ध किया गया था। दौराने जांच गुम शुदा महिला के तलाश के काफी प्रयास किये गये थे किंतु जानकारी प्राप्त नही हो रही थी। तलाश के दौरान ही 8 वर्ष उपरांत महिला के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई, जिसके बाद दस्तयाब किया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि0 अरविंद सिंह कछुवाह, प्रआर 290 महेश रघुवंशी, मआर 568 प्रतीक्षा रघुवंशी, मआर 272 सुगना अहिरवार, आर चालक शैलेन्द्र सिकरवार की सराहनीय भूमिका रही।

## बाईक पर बैठकर विधायक ने लिया सड़क का जायजा

**निरीक्षण के बाद ग्रामीणों को किया आश्वास्त**

**प्राथमिकता में लेकर कराया जाएगा निर्माण**

**नवभारत न्यूज**
**अशोकनगर।** क्षेत्रीय विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने रविवार को ग्राम काकरुआ राय से खैजरा नई तक प्रस्तावित सड़क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर पूरे मार्ग का अवलोकन किया तथा स्थानीय नागरिकों एवं किसानों से सीधे संवाद स्थापित किया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने सड़क की जर्जर स्थिति एवं आवागमन में आने वाली कठिनाइयों की जानकारी विधायक को दी। विधायक श्री राय ने आश्वस्त किया कि इस मार्ग के निर्माण एवं सुधार कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों से तत्काल चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के लगभग 20 से अधिक गांवों के किसानों को सीधी राहत प्राप्त होगी। किसानों की उपज सीधे मंडी तक आसानी से पहुंच सकेगी, जिससे परिवहन लागत में कमी आएगी तथा समय की भी बचत होगी। यह मार्ग ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं विधायक श्री राय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता की सुविधाओं और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं और सड़क निर्माण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इस मौके पर नीरज दांगी, शिवचरण शर्मा, सतेन्द्र दांगी, किशनसिंह दांगी, बला दांगी, पवन, मोनू, जितेंद्र, परमाल, प्रदुम्म दांगी, जहरसिंह दांगी, अभिषेक दांगी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### करंट लगने से महिला की मौत

नवभारत न्यूज
अशोकनगर। देहात थाना अंतर्गत ग्राम जनौदा में एक 23 वर्षीय विवाहित करंट की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार रवीना जाटव घर पर नहाने के लिए जा रही थी, तभी किचन के पास लटकी बिजली प्रवाहित डोरी से छू जाने पर उसे करंट लग गया, जिससे वह अचेत होकर जमीन पर गिर गई। इसे देखकर परिजनों तुरंत महिला को लेकर उपचार के लिए जिलाअस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है, तो वहीं मर्गकायम कर जांच में लिया है।

### 3 लाख 42 हजार 817 बच्चों को खिलाई जाएगी कृमि नाशक गोली

अशोकनगर। 23 सितंबर को जिले के सभी शासकीय–अशासकीय विद्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों पर कृमि नाशक दवा खिलाई जाएगी। अभियान 1 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के करीब 3 लाख 42 हजार 817 बालक–बालिकाओं को कृमि नाशक दवा खिलाई जाएगी।

### शारदीय नवरात्र आज से प्रारंभ, हाथी पर सवार मां भगवती का आगमन है शुभ

नवभारत न्यूज अशोकनगर। आदि शक्ति मां भवानी की भक्ति का पर्व शारदीय नवरात्र आज से प्रारंभ हो रहे है, जिसके चलते श्रद्धालुओं द्वारा विधिविधान के साथ घट स्थापना की जाएगी, तो वहीं इस बार के नवरात्र विशेष होने वाले है, क्योंकि यह नौ दिनों के नहीं बल्कि दस दिवसीय है, जिसको लेकर विभिन्न विद्वावनों द्वारा अलग अलग मत दिये है। इस बार नवरात्रि शुभ माने जा रहे है क्योंकि इस बार मां भगवती हाथी पर सवार होकर आ रहीं है। वहीं मां जगदम्बे की सेवा में अर्पण इन दिनों पुजारी किशानलाल मिश्र ने बताया कि घट स्थापना के पंचय योग बन रहे है, तो वहीं उन्होंने घट स्थापना का समय भी बताया है। इसके अलावा यादव कालोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर मातारानी का भव्य दरबार सजाया जायेगा, जहां पर पुजारी श्री मिश्र द्वारा दुर्गा सप्तसती का पाठ किया जावेगा। वहीं घट स्थापना से पूर्व कलश यात्रा निकाली जाएगी।

## मोहन को नहीं गौमाता की फिकर : कम्प्यूटर बाबा

14 अक्टूबर से होने वाली गौमाता न्याय यात्रा के लिए जुटाया समर्थन, मांगी भिक्षा





**नवभारत न्यूज**
**अशोकनगर।** सड़कों पर मर रहीं गायों से व्यथित होकर कम्प्यूटर बाबा द्वारा उन्हें न्याय दिलाने के लिए 14 अक्टूबार गौमाता न्याय यात्रा निकाली जा रहीं है। जिसके लिए जन समर्थन जुटाया जा रहा है। इसी न्याययात्रा के समर्थन के लिए कम्प्यूटर बाबा जिला मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने गायों की दुर्दशा को लेकर सरकार पर घेरा, तो वहीं दुकान–दुकान जाकर भिक्षा मांगी।
गांधी पार्क पर दुकानों से भिक्षा लेते हुए कम्प्यूटर बाबा ने कहा कि आज जो सड़क पर गाय तड़प तड़प कर मर रहीं है,यह सरकार का दोष है, क्योंकि सरकार के कई योजनाएं तो चला दी, लेकिन उनका पालन नहीं करा पाये, जिसके कारण गौमाता की ऐसी दुर्दशा हो रहीं है। वहीं उन्होंने राज्य की मोहन सरकार को घेरते हुए कहा कि गौमाता को लगता था कि कोई यदुवंशी आयेगा, कोई मोहन आयेगा, जो गौमाता की फिकर करेगा, लेकिन मोहन को गाऊ माता की फिकर नहीं है, गौमाता को जरूर गौमाता की फिकर है, इसलिए गायों के साथ मुख्यमंत्री निवास जायेगें और उन्हें गौमाता की समस्याएं बतायेगें।

**गौशालाएं नहीं हो रहीं ठीक संचालित**: इस दौरान कम्प्यूटर बाबा ने प्रेसकर्मियों से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा गौशालाएं तो बना दी गई, लेकिन इन गौशालाओं को संचालन ठीकसे नही हो रहा है, जिसके कारण गौमाता सड़क पर और वह तड़प–तड़प कर मर रहीं है। वहीं उन्होंने सरकार से गायों की देखरेख के लिए और अच्छा प्रबंध करने की बात कहीं गई।
इस दौरान उन्होंने गाय को राजमाता का दर्जा देने और प्रदेश में गौ–अभ्यारण्य की स्थापना किए जाने की मांग की है।
जन जागरण के लिए मांगी भिक्षा: कम्प्यूटर बाबा द्वारा निकाली जा रहीं गौमाता न्याय यात्रा के लिए शहर में कई दुकानों पर जाकर भिक्षा मांगी। साथ ही लोगों से जन–जागरण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि कम्प्यूटर बाबा 14 अक्टूबर को गायों के साथ मुख्यमंत्री निवास जाएंगे और अपनी मांगो से सबंधित एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम दिया जावेगा। यह ज्ञापन गायों के गले और सींगो पर बांधकर दिया जावेगा। इससे पहले 7 अक्टूबर से होशंगाबाद से भोपाल तक गौमाता न्याय यात्रा निकालेंगे।

## ब्रह्मलीन हुए आधा दर्जन पद यात्रा करने वाले सौभाग्य सिंह



**नवभारत न्यूज**
**अशोकनगर।** सचिव संगठन के जिलाध्यक्ष रंजीत यादव के पूज्य पिता जी एवं विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष सौभाग्य सिंह यादव का रविवार को निधन हो गया, उनके निधन की खबर जैसे ही फैली तो पूरा जिला शोक में डूब गया। क्योंकि है कि देशभर के सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों की धार्मिक यात्राएं पैदल उन्होंनें पैदल ही थी, तोव हीं पितृ मोक्ष अमावस्या के पवित्र दिन सौभाग्य सिंह नगेश्री की महा प्रयाण शाश्वत यात्रा पर चल कर ब्रह्म लीन हुए हैं। बताते दे कि श्री सौभाग्य सिंह ने अपने जीवन काल में लगभग 11 बार ग्राम नगेश्री से गोवर्धन, अयोध्या, हरिद्वार, बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, चित्रकूट, कामतानाथ आदि स्थानों की पैदल यात्रा की इस प्रकार लगभग अपने ग्राम से 50 से ज्यादा यात्राएं पैदल करने वाले धार्मिक भावनाओं से ओत प्रेत, सामाजिक कार्यकर्ता निडर साहसिक हमेशा सत्य के मार्ग पर चलने वाले, दूसरों की मदद करने के लिए तत्पर, सभी को साथ में लेकर चलने वाले नगेश्री ग्राम के गौरव, पूर्व सरपंच सौभाग्य सिंह यादव के निधन की खबर जैसे ही गांव सहित जिले में लोगों को लगी तो पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। श्री यादव अपने पीछे एक भरापूरा परिवार छोड़ गए है। रविवार को उन्हें अंतिम विदाई गई। जिसमें जिले बड़ी संख्या में

## कलश यात्रा

### कार्यक्रम में उठी अहीर रेजिमेंट गठन की मांग

## मुंगावली पहुंची रेजंगला के शहीद अहीर सैनिकों की रजत कलश यात्रा



**नवभारत न्यूज**
**मुंगावली।** भारत–चीन युद्ध 1962 में रेजंगला की ऐतिहासिक लड़ाई में शहीद हुए वीर अहीर सैनिकों की रजत कलश यात्रा शनिवार को मुंगावली पहुंची। नगर में यात्रा के प्रवेश पर जयस्थम्भ चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया।
नगरवासी, सामाजिक संगठनों और विभिन्न वर्गों के लोगों ने शहीदों को श्रद्धा–सुमन अर्पित किए और अमर गाथा को नमन किया। इस अवसर पर ज्ञानालय परिवार के मुखिया अर्जुन सिंह यादव ने कहा कि रेजंगला की शौर्यगाथा केवल अहीर समाज की ही नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष की धरोहर है। जिन वीर जवानों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा करते हुए प्राणों का बलिदान दिया, उनका सम्मान देश की आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देगा। उन्होंने यह भी कहा कि अहीर समाज ने सदैव देश की सीमाओं की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई है, इसलिए अलग अहीर रेजिमेंट का गठन आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यह केवल अहीर समाज का नहीं, बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ाने वाला कदम होगा। कलश यात्रा के नगर आगमन पर ब्लॉक अध्यक्ष एवं संयोजक दशरथ यादव, युवा मोर्चा तहसील अध्यक्ष रामेश्वर यादव, जिलाध्यक्ष खलक सिंह यादव सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने रेजंगला के शौर्य को भारतीय सेना के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए कहा कि वीर अहीरों के अदम्य साहस और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। गौरतलब है कि यह रजत कलश यात्रा 19 को मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में प्रवेश कर चुकी है और अब तक देश के लगभग 12 राज्यों से होती हुई नगर पहुंची है। यात्रा के साथ शामिल जनों ने हर जगह शहीदों को श्रद्धांजलि दी और अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग को मुखर किया। कार्यक्रम के अंत में कलश यात्रा को श्रद्धापूर्वक विदाई दी गई। इस दौरान भारत माता की जय और शहीद अहीर अमर रहे के नारे गूंजते रहे, जिससे वातावरण देशभक्ति से सराबोर नजर आया।

## ताड़का बध के बाद श्रीराम ने कियाअहिल्या का उद्धार

**नवभारत न्यूज**
**अशोकनगर। श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल द्वारा सुभाष गंज स्थित रामलीला मंच पर रामलीला का आयोजन किया जा रहा है।**
जिसके तीसरे दिन रावण के अत्याचारों, पृथ्वी द्वारा भगवान का आव्हान, ताड़का वध और अहिल्या उद्धार की लीला का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। शनिवार रात्रि में रामलीला का प्रारंभ भगवान गणेश व रामायण और भगवान राम की आरती के साथ किया गया। इसके पश्चात लीला प्रारंभ हुई लीला के प्रथम दृश्य में रावण के अत्याचारों से दुखी हुई गाय का रूप रखकर पृथ्वी देवताओं के पास पहुंची सभी देवताओं ने मिलकर भगवान से पुकार की भगवान ने आकाशवाणी के माध्यम से राम रूप में जन्म लेने का आश्वासन दिया, फिर राम जन्म की लीला दिखाई गई। जिसमें अयोध्या वासियों ने खुशियां मनाई फिर बधाई गीत हुए जिन्हें रुमाल सिंह द्वारा बड़ी सुंदर तरीके गाया गया और सभी ने नृत्य करकर भगवान का स्वागत किया। इसके बाद विश्वामित्र मुनि द्वारा यज्ञ किया गया, जिसको सुभाहु ब मारीच ने ध्वस्त किया, तब विश्वामित्र मुनि दशरथ जी के पास अयोध्या जाते हैं वहां से राम लक्ष्मण को अपने साथ लेकर के वन आते हैं तो रास्ते में राम जी द्वारा ताड़का वध ब अहिल्या उद्धार की लीला दिखाई गई। इसके बाद राम, लक्ष्मण जनकपुरी में पहुंचे, इसी दृश्य के साथ लीला को विराम दिया गया। इस मौके पर श्रीगया प्रसाद कलाकार मंडल के अध्यक्ष राव यादवेंद्र यादव, सचिव रजनीश सिंघई प्रिंस ने मंच संचालन किया। तो वहीं रामायण का वाचन कथा वाचक चंद्र मोहन मिश्रा द्वारा किया गया।